167574 - भ्रूण के लिंग को जानने के लिए मेडिकल जाँच का हुक्म

प्रश्न

क्या भ्रूण के लिंग का पता लगाने के लिए कि वह पुरूष है या स्त्री मेडिकल जाँच कराना जाइज़ है ? या कि यह पाप है और जन्म तक प्रतीक्षा करना चाहिए ?
अल्लाह तआला आप को सर्वश्रेष्ठ बदला दे।

विस्तृत उत्तर

भ्रूण के लिंग का पता लगाने के लिए कि वह पुरूष है या स्त्री मेडिकल जाँच कराना जाइज़ है, और यह उन साधनों और कारणों में से है जिन्हें अल्लाह तआला ने अपने बंदों के लिए भ्रूण के बनने के बाद उसकी स्थिति का पता लगाने के लिए आसान कर दिया है,जबकि भ्रूण से संबंधित बहुत सी परोक्ष चीज़ें ऐसी रह जाती हैं जिन्हे अल्लाह के सिवा कोई नहीं जानता, जैसे कि उसके बनने से पहले उसकी स्थिति,फिर उसकी जीविका,उसकी मृत्यु और उसका भाग्यशाली या दुर्भाग्यपूर्ण होना।

तथा प्रश्न संख्या : (12368) का उत्तर देखें।

और अल्लाह तआला ही सर्वश्रेष्ठ ज्ञान रखता है।